मध्यप्रदेश शासन
वन विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन

कमांक / 1608 / 1851 / 2016 / 10–2 दिनांक 06/07/2016

प्रति,

1. कलेक्टर
   जिला – समस्त म.प्र.।

2. वन मण्डलाधिकारी
   (क्षेत्रीय) – समस्त म.प्र.।

विषयः– हरियाली महोत्सव 2016 बावत।

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि इस वर्ष "हरियाली महोत्सव" के तहत वृक्षारोपण कार्य 15 जुलाई – 15 अगस्त 2016 के मध्य में किया जाना निर्धारित किया गया है। हरियाली महोत्सव के तहत प्रदेश में जनसंख्या से अधिक लगभग 8 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

हरियाली महोत्सव 2016 के तहत वृक्षारोपण हेतु प्रत्येक जिले में जिला स्तर पर, तहसील स्तर पर एवं जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे, जिसमें माननीय प्रभारी मंत्री, माननीय मंत्री, माननीय विधायकगण, माननीय सांसद तथा अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक, शासकीय अधिकारीगण आंमत्रित किये जायेगें। कृपया इस हेतु सुविधा अनुसार तिथि एवं समय पूर्व से प्राप्त करने की कार्यवाही सुनिश्चित कर लें।

लगभग 8 करोड पौधे लगाने के लक्ष्य के प्राप्ति के तहत क्षिप्रा एवं नर्मदा नदी के ग्रामो में भी हरियाली बढाने के उद्देश्य से पौधे लगाये जायेगें। उपरोक्त कार्य में स्थानीय समुदाय का सहयोग लिया जाना सुनिश्चित किया जावे। नर्मदा एवं क्षिप्रा नदी किनारे वृक्षारोपण के तहत निजी भूमि पर उद्यानिकी प्रजाति के पौधो को लगाने हेतु भी प्रोत्साहित किया जावे, जिससे स्थानीय समुदाय को आय का साधन उपलब्ध हो सकें। नदी किनारे वृक्षारोपण से भू–क्षरण को भी रोकने में सहायता होगी।

हरियाली महोत्सव के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में वन विभाग के विभागीय रोपण के साथ–साथ मध्यप्रदेश राज्य बांस मिशन, वन विकास निगम, रेशम विभाग, संयुक्त वन प्रबंधन समितियां, जन अभियान परिषद, नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायते, मण्डी समितियां एवं अन्य शासकीय एजेंसिया सम्मिलित होगी।

निरंतर 2

E:\Manish\letter.docx339

हरियाली महोत्सव के दौरान पौधारोपण शासकीय भूमि, कृषको की निजी भूमि, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय परिसरो, सडको एवं जल संरचना के समीप किये जायेगें। महाविद्यालय एवं शालाओं में वृक्षारोपण के माध्यम से Bio-fencing के निर्माण का प्रयास किया जाये।

रोपण किये जाने वाले प्रजातियों में बांस, सागौन, आंवला, खमेर, नीम, जागुन, सिरस, शीशम, बेल, महुआ आदि प्रमुखता से होगें। इसके साथ–साथ ही उद्यानिकी प्रजाति के पौधे भी रोपित किये जायेगें।

जनसहभागिता के सिद्धांत को मद्‌देनजर रखते हुए 1000 संयुक्त वन प्रबंधन समितियों द्वारा स्थानीय स्तर पर समिति रोपणियों में 1 करोड से अधिक पौधे तैयार किये गये है, जिनका उपयोग हरियाली महोत्सव 2016 में वृक्षारोपण हेतु किया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार हरियाली महोत्सव 2016 को सफल बनाने के उद्‌देश्य से आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(दीपक खाण्डेकर)
अपर मुख्य सचिव वन
मंत्रालय भोपाल

पृ. क्रमांक / 1609 / 1851 / 2016 / 10–2 दिनांक 06/07/2016

प्रतिलिपि :–

1. अपर मुख्य सचिव ..../प्रमुख सचिव ....की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन बल प्रमुख की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. समस्त संभागायुक्त म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. समस्त मुख्य वन संरक्षक, (क्षेत्रीय) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6/7/16
अपर मुख्य सचिव वन
मंत्रालय भोपाल

APCCF (P&E)

8/15/7/16

SR. P.A. TO P.C.C.F.
No. 5145
Dt. 18-7-16
MADHYA PRADESH, BHOPAL